टिहरी बांध परियोजना के पात्र विस्थापितों के पुनर्वास हेतु प्रस्तावित पशुपालन विभाग, ऋषिकेश की 14.21 हे० वन भूमि हस्तान्तरण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए प्रस्तावित सिविल सोयम भूमि का विवरण।

| क्र० सं० | प्रस्तावित क्षेत्र का नाम | प्रस्तावित क्षेत्र का क्षेत्रफल (हे०) | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु आवश्यक क्षेत्रफल (हे०) | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | क्षेत्र का नाम | खसरा नं० | खाता संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे०) | प्रस्तावित क्षेत्रफल (हे०) |
| 1. | पशुपालन विभाग, ऋषिकेश | 14.21 | 29.00 | टिंगरी-चक | 07 | 04 | 4.573 | 4.573 |
| | | | | —"— | 134 | 04 | 25.205 | 24.427 |
| | | | | योग → | | | 29.778 | 29.000 |

R.S.I. Baranwal
23/07/2016

120

333

प्रेषक,

तहसीलदार,
नैनबाग।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

**द्वारा :** ***उपजिलाधिकारी महोदया, नैनबाग, टिहरी गढ़वाल।***

संख्याः 135 /र0का0(भूमि चयन)–19, नैनबाग दिनांक फरवरी, 11, 2019

**विषय : प्रस्तावित सौंग बॉध परियोजना हेतु वनभूमि अधिग्रहण के सापेक्ष क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु सिविल सोयम भूमि के चयन के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन के पत्र सं0–676/नि0स0/2018, दिनांक 15–11–2018 एवं अधिशासी अभियन्ता, अवस्थापना (पुनर्वास) खण्ड, ऋषिकेश के पत्रांक 1866/अ.पु. ख.ऋ./2018, दिनांक 03–12–2018 पर महोदया जी के पृष्ठांकन आदेश दिनांक 27–11–2018 के क्रम में प्रस्तावित सौंग बॉध पेयजल परियोजना के लिए वनभूमि के सापेक्ष क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु 360.00 है0 भूमि चिन्हीकरण के सम्बन्ध में तहसील, नैनबाग के अन्तर्गत राजस्व उपनिरीक्षकों से आख्या/प्रस्ताव लिये गये हैं। राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में वन विभाग एवं सिंचाई विभाग, अवस्थापना (पुनर्वास) खण्ड, ऋषिकेश कार्मिकों के साथ उपलब्ध सिविल सोयम भूमि का चिन्हीकरण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये हैं।

चिन्हित भूमि उत्तराखण्ड सरकार के नाम श्रेणी 9(3)ड़ (बंजर) के रुप में दर्ज है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र का नाम | ग्राम का नाम | क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध चयनित भूमि (है0 में) | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बसाणगॉव | घियाकोटी | 10.823 | |
| | | खासकोटी | 18.514 | |
| | | बमणगॉव | 7.623 | |
| | | खसहौंसी | 8.760 | |
| | | बिष्टोंसी | 18.819 | |
| | | ऐन्दी | 14.760 | |
| | | बसाणगॉव | 10.589 | |
| 02 | नैनबाग | सणव | 27.310 | |
| | | मौगी | 35.702 | |
| | खरसोन | बणगॉव | 16.008 | |
| | | जैद्वार तल्ला | 25.000 | |
| 03 | बिरोड़ | बिरोड़ | 14.777 | |
| 04 | मुनोगी | भुटगॉव | 48.668 | |
| | | **योग** | **257.322** | |

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि पूर्व में टिहरी बॉध परियोजना के पात्र विस्थापितों के पुनर्वास हेतु आई0डी0पी0एल0, ऋषिकेश में अधिग्रहित वनभूमि एवं पशुपालन विभाग, ऋषिकेश की अधिग्रहित भूमि के एवज़ में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु ग्राम भुटगॉव में 79.000 है0 तथा ग्राम टिंगरी चक में 29.000 है0 भूमि प्रस्तावित की गई थी, जिसके प्रस्ताव निरस्त हुए हैं। पूर्व प्रस्तावित भूमि एवं वर्तमान में चिन्हित भूमि को सम्मिलित कर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु 365.00 है0 भूमि चिन्हित की गई है।

अतः उपलब्ध चयनित भूमि के प्रस्ताव संलग्न कर संस्तुति सहित सादर प्रेषित है।

संलग्न-4902,

तहसीलदार, 11.2.19
नैनबाग।

202